
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

03 फरवरी 2026

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

जीवन में होने वाले नुकसान से ज्यादा महत्वपूर्ण उससे मिलने वाला सबक है वही आपको असली विजेता बनाता है।

**दयानन्द सरस्वती**



राकेश कुमार

Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

3 फरवरी

मधु प्रिया

## बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी की स्थापना 3 फरवरी



काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी में स्थित एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय है। इसे प्रायः बीएचयू (बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी) कहा जाता है। इस विश्वविद्यालय की स्थापना (वाराणसी हिन्दू विश्वविद्यालय एक्ट, एक्ट क्रमांक 16, सन् 1915) महामना पण्डित मदन मोहन मालवीय द्वारा 4 फरवरी 1916 में बसंत पंचमी के पुनीत दिवस पर की गई थी। दस्तावेजों के अनुसार इस विश्वविद्यालय की स्थापना मे मदन मोहन मालवीय जी का योगदान केवल सामान्य संस्थापक सदस्य के रूप में था, दरभंगा के महाराजा रामेश्वर सिंह ने विश्वविद्यालय की स्थापना में आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था दान देकर की। इस विश्वविद्यालय के मूल में डॉ॰ एनी बेसेन्ट द्वारा स्थापित और संचालित सेन्ट्रल हिन्दू कॉलेज की प्रमुख भूमिका थी। विश्वविद्यालय को "राष्ट्रीय महत्त्व का संस्थान" का दर्जा प्राप्त है। हैदराबाद के निज़ाम -मीर उस्मान अली खान ने विश्वविद्यालय के लिए 10 लाख रुपये का बड़ा दान किया।इस विश्वविद्यालय के दो परिसर हैं। मुख्य परिसर (1300 एकड़) वाराणसी में स्थित है जिसकी भूमि काशी नरेश ने दान की थी। मुख्य परिसर में 6 संस्थान्, 14 संकाय और लगभग 140 विभाग है। विश्वविद्यालय का दूसरा परिसर मिर्जापुर जनपद में बरकछा नामक जगह (2700 एकड़) पर स्थित है। 75 छात्रावासों के साथ यह एशिया का सबसे बड़ा आवासीय विश्वविद्यालय है जिसमें 30,000 से ज्यादा छात्र अध्ययनरत हैं जिनमें लगभग 34 देशों से आये हुए छात्र भी शामिल हैं।

# जयंती विशेष 03 फरवरी

महान स्वतंत्रता सेनानी वीरांगना

# सुहासिनी गांगुली

की जयंती पर शत्-शत् नमन



**सुहासिनी गांगुली** *Suhasini Ganguly*, जन्म- 3 फ़रवरी, 1909; मृत्यु- 23 मार्च, 1965) भारतीय स्वतंत्रता सेनानी थीं। भारतवर्ष की आज़ादी उनके जीवन का सबसे बड़ा सपना था, जिसको पूरा करने में उन्होंने अपना पूरा जीवन लगा दिया। उनके इस त्यागमय जीवन और साहसिक कार्य को सम्मान देने के लिए कोलकाता की एक सड़क का नाम 'सुहासिनी गांगुली सरनी' रखा गया है।

# TOB
# खेल कॉर्नर

## भारत के खिलाफ न्यूजीलैंड के सबसे बड़े T20 स्कोर

| रन | वेन्यू | तारीख |
|---|---|---|
| 219/6 | वेलिंगटन | 6 फरवरी 2019 |
| 215/7 | विशाखापट्टनम | 28 जनवरी 2026 |
| 212/4 | हैमिल्टन | 10 फरवरी 2019 |
| 208/6 | रायपुर | 23 जनवरी 2026 |
| 203/5 | ऑकलैंड | 24 जनवरी 2020 |

## भारत ने टी20I की एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाए

| छक्के | मैच |
|---|---|
| 23 | भारत vs सा. अफ्रीका, जोहान्सबर्ग 2024 |
| 23 | भारत vs न्यूजीलैंड, त्रिवेंद्रम 2026 |
| 22 | अफगानिस्तान vs आयरलैंड, देहरादून 2019 |
| 22 | सा. अफ्रीका vs वेस्टइंडीज, सेंचुरियन 2023 |
| 22 | भारत vs बांग्लादेश, हैदराबाद 2024 |

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 03.02.2026

## शिक्षण समीक्षा

शिक्षण समीक्षा एक समन्वित, विकासात्मक प्रक्रिया है जो कक्षा अवलोकन, शिक्षण सामग्री, और छात्र प्रदर्शन का विश्लेषण करके शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार करती है यह शिक्षकों के बीच सहयोग, रचनात्मक प्रतिक्रिया और सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान को बढ़ावा देती है, जो अंततः छात्रों के सीखने के परिणामों को बेहतर बनाने और व्यावसायिक विकास में मदद करती है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान






सुप्रीम कोर्ट ने देश के सभी स्कूलों में छात्राओं के लिए **मुफ्त सैनिटरी नैपकिन** उपलब्ध कराने का ऐतिहासिक निर्देश दिया है। अदालत ने यह स्पष्ट किया कि **मासिक धर्म** स्वच्छता का अधिकार संविधान के **अनुच्छेद 21** के तहत जीवन और निजता के अधिकार का एक **अनिवार्य हिस्सा** है।

प्रात जगाता शिशु वसंत को,
नव गुलाब दे-दे ताली;
तितली बनी देव की कविता ,
वन-वन उड़ती मतवाली।
सुंदरता को जगी देखकर ,
जी करता मैं भी कुछ गाऊँ;
मैं भी आज प्रकृति-पूजन में,
निज कविता के दीप जलाऊँ।

**रामधारी सिंह दिनकर**

Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org

# राष्ट्रीय महिला चिकित्सक दिवस

## 3 फरवरी







टीचर्स ऑफ बिहार परिवार की ओर से सभी महिला चिकित्सक को राष्ट्रीय महिला चिकित्सक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

www.teachersofbihar.org

Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
सुहासिनी गांगुली
जन्म- 3 फरवरी 1909
मृत्यु- 23 मार्च 1965
Madhu priya
/teachersofbihar




# रघुराम राजन

जन्म: 3 फरवरी 1963

Madhu priya

/teachersofbihar


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
बाबा रामसिंह कूका
www.teachersofbihar.org
जन्म- 3 फरवरी 1816
मृत्यु- 29 नवम्बर 1885
Madhu priya

03 फरवरी 2026

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

दूसरे आपसे बेहतर कर रहे हैं ये नहीं देखना चाहिए,
क्योंकि सफलता की लड़ाई आपकी खुद से है।



- चन्द्रशेखर आजाद

*Vishwa Vijay Singh*

www.teachersofbihar.org